an>

Title: Need to formulate a policy for recruitment of local people in Central Public Sector Undertakings.

श्री ताम्रध्वज साहू (दुर्ग) : सम्मानीय अध्यक्ष जी, मौ आपके मधाध्यम से भिलाई स्टील प्लांट में स्थानीय भर्ती के बाबत अपनी बात रख रहा हूं।

अध्यक्ष महोदया, मैं आपके समक्ष ऐसा विषय उठा रहा हूं जिसका प्रभाव पूरे देश के सार्वजनिक उपक्रमों पर पडेगा। वर्तमान में भिलाई स्टील प्लांट, जो पांच मिलियन टन से नौ मिलियन टन वार्षिक क्षमता तक विस्तारित किया गया है, में नई भर्ती में स्थानीय लोगों को पर्याप्त अवसर नहीं मिल पाया है।

<u>18.14 hrs.</u>

(Prof K.V. Thomas *in the Chair*)

महोदय, वस्तुतः सार्वजनिक उपक्रम राष्ट्रीय स्तर की भर्ती के नाम पर अधिकतर बड़े अधिकारियों की सिफारिशों पर नियुक्तियां करते हैं, जबकि स्थानीय स्तर पर भी आजकल उच्चशिक्षित युवा उपलब्ध हैं। राज्य में बड़े उद्योग, खनन से पर्यावरण प्रदूषण से लेकर सामाजिक संरचना में बदलाव तक का असर स्थानीय आबादी पर होता है। ऐसे में अगर रोजगार प्रदान करने की स्पष्ट नीति स्थानीय भर्ती के हित में नहीं होगी, तो वह क्षेतृ ठगा हुआ महसूस करेगा। मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस बात पर खींचना चाहता हूं जिससे सार्वजनिक उपक्रमों में भर्ती के लिए स्थानीय व्यक्तियों को प्राथमिकता प्रदान करने का प्रावधान किया जा सके।

HON. CHAIRPERSON : Shri Rajiv Pratap Rudy – not present.